आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 20.05.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब। हरिद्वार के खड़खड़ी श्मशान घाट में राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार।
- डीआरडीओ ने मानवरहित ड्रोन मिसाइल यू.एल.पी.जी.एम.वी–3 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।
- अग्निवीर भर्ती के लिए पहली जून से 12 जून के बीच ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।
- प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी। अगले चौबीस घंटों के दौरान हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं लू चलने की संभावना।

----------

**अंतिम संस्कार**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी को आज हरिद्वार स्थित खड़खड़ी श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सेना और पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मेजर जनरल खंडूड़ी की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा और हर वर्ग के लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय खंडूड़ी ने उत्तराखंड के विकास और जनसेवा में जो योगदान दिया, उसे प्रदेश सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने उनके निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

इससे पहले, उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय खंडूड़ी के देहरादून आवास पर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण सहित कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी।

## डीआरडीओ

देश ने आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मज़बूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन– डीआरडीओ ने अनमैन्ड एरियल व्हीकल लॉन्चड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल– यूएलपीजीएम–वी–3 के अंतिम विकास परीक्षण को सफलतापूर्वक किया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यह देश के रक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल विकास परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, रक्षा सह उत्पादन भागीदारों और उद्योग जगत की सराहना की। उन्होंने इसे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक रणनीतिक उपलब्धि बताया।

## अस्पताल आग

देहरादून में रिस्पना पुल के पास स्थित एक अस्पताल में आज आग लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य झुलस गए। सभी घायलों को उपचार के लिए निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और अग्निशमन दल ने राहत और बचाव अभियान चलाया। आग बुझाने के दौरान गैस रिसाव, आक्सीजन की कमी और धुंए से तीन पुलिस कर्मी भी घायल हो गए, उनका भी नजदीकी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद अस्पताल को बंद कर दिया गया है और सभी मरीजों को अन्य अस्पतालों में शिफ्ट किया गया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## अग्निवीर भर्ती परीक्षा

भारतीय सेना की ओर से अग्निवीर भर्ती के लिए पहली जून से 12 जून के बीच ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन देशभर के 206 शहरों में 403 परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय, अल्मोड़ा के ए.आर.ओ कर्नल महेश कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि कुमाऊं मंडल के चार जिलों– अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के जिन अभ्यर्थियों ने हल्द्वानी परीक्षा केंद्र का चयन किया है, उनके लिए पांच स्थानों पर परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

## हैली सेवा केदारनाथ

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु धामों के दर्शन कर रहे हैं। वहीं केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु हेली सेवाओं के माध्यम से धाम पहुंच रहे हैं। अब तक 23 हजार से अधिक श्रद्धालु हैली सेवा के जरिए बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

## मौसम

प्रदेश में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल जिलों और उत्तरकाशी जिले के समीपवर्ती क्षेत्रों में कहीं–कहीं लू चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। मैदानी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

## मेडिकल स्टोर

ऑनलाइन दवा बिक्री और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव के विरोध में आज राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के मेडिकल स्टोर संचालकों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और उत्तराखंड औषधि व्यवसायी महासंघ के आह्वान पर मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन को समर्थन दिया। देहरादून में दवा विक्रेताओं ने कहा कि ई–फार्मेसी और क्विक डिलीवरी प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त निगरानी और नियमों के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दवाएं सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं, बल्कि सीधे लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ी होती हैं। ऐसे में इनके वितरण और बिक्री पर सख्त नियंत्रण आवश्यक है। उधर, चम्पावत जिले के सभी मेडिकल स्टोर आज बन्द रहे। हालांकि जिले में जन औषधि केंद्रों के खुलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली।

..................